**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 25.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

- **वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विकासशील होंगे छत्तीसगढ़ के नये मुख्य सचिव—राज्य शासन ने जारी किया आदेश।**
- **छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, स्थानीय निकायों के चुनाव में उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड के लिए नामांकित।**
- **छत्तीसगढ़ को रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए 'बेस्ट सेरीकल्चर स्टेट' के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।**
- **स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में किया गया सामूहिक श्रमदान।**

**मुख्य सचिव—नियुक्ति**

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विकासशील छत्तीसगढ़ के नये मुख्य सचिव होंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। श्री विकासशील भारतीय प्रशासनिक सेवा के छत्तीसगढ़ कैडर के वर्ष उन्नीस सौ चौरानवे बैच के अधिकारी हैं। वे वर्ष दो हजार अट्ठारह से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर है। जनवरी दो हजार चौबीस से वे एशियन डेवलपमेंट बैंक में कार्यकारी निदेशक के सलाहकार पद पर कार्यरत हैं। श्री विकासशील वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन के आगामी तीस सितंबर को सेवानिवृत्त होने के बाद पदभार ग्रहण करेंगे।

**राज्य निर्वाचन आयोग—अवॉर्ड**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, स्थानीय निकायों के चुनाव में उत्कृष्ट प्रबंधन के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। आयोग को संयुक्त राष्ट्र लोक प्रशासन नेटवर्क की शोध संस्था इंटरनेशनल सेंटर फॉर पार्लियामेंट्री स्टडीज—आईसीपीएस द्वारा अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। आयोग द्वारा नगर पालिका और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ संपन्न कराए जाने पर चुनाव प्रबंधन को उत्कृष्ट उपलब्धि मानते हुए संबंधित श्रेणी में पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। अवॉर्ड वितरण कार्यक्रम एक से चार अक्टूबर तक बोत्सवाना की राजधानी गेब्रोन में आयोजित किया जाएगा।

**बेस्ट सेरीकल्वर स्टेट—पुरस्कार**

छत्तीसगढ़ को रेशम उत्पादन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा 'बेस्ट सेरीकल्चर स्टेट' के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार बेंगलूरू में आयोजित कार्यक्रम में सांसद और बोर्ड के सदस्य के. सुधाकर के हाथों प्रदेश के रेशम बोर्ड के उप संचालक मनीष पवार ने ग्रहण किया। कार्यक्रम में रायगढ़ जिले को "उत्कृष्ट जिला" और तमनार के किसान ललित गुप्ता को "उत्कृष्ट कृषक" पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।

**सीबीआई जांच**

छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजनों के कल्याण के नाम पर हुए एक हजार करोड़ रूपये के कथित घोटाले के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। आरोप है कि छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए स्टेट रिसोर्स सेंटर और पुनर्वास केन्द्रों में फर्जी कर्मचारियों के नाम पर वेतन निकाला गया। इस मामले में कुछ आईएएस अधिकारी भी आरोपी हैं। सीबीआई ने करीब चार साल पहले इस मामले की जांच शुरू की थी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने जांच पर रोक लगा दी थी। अब अदालत की शर्तें पूरी करने के बाद हाईकोर्ट ने सीबीआई को इस मामले की जांच फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है।

**स्वच्छता ही सेवा–श्रमदान**

'स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में श्रमदान कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बिलासपुर, दंतेवाड़ा, गौरेला–पेंड्रा–मरवाही, अंबिकापुर और महासमुंद में आयोजित कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने सामूहिक रूप से भाग लेकर साफ–सफाई की और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। श्रमदान कार्यक्रमों में स्वच्छता दीदियों, स्व–सहायता समूहों, सफाईकर्मियों और आम नागरिकों की भागीदारी रही। उपमुख्यमंत्री अरुण साव आज 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत बिलासपुर नगर निगम द्वारा आयोजित सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में शामिल हुए।

**जीएसटी–संतोष पांडेय**

वस्तु और सेवा कर–जीएसटी की दरों में किए गए सुधारों का राजनांदगांव सांसद संतोष पांडेय ने स्वागत करते हुए कहा है कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा उठाया गया एक क्रांतिकारी कदम है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए श्री पांडेय ने कहा कि जीएसटी रिफॉर्म से रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो गई हैं, जिससे आम लोगों को राहत मिली है।

**बाढ़ आपदा–माकड्रिल**

राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की संयुक्त पहल पर आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में बाढ़ आपदा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए माकड्रिल का आयोजन किया गया। इसके तहत नवा रायपुर के सेंध लेक में बाढ़ आपदा पर माकड्रिल हुआ। रायपुर जिले की अपर कलेक्टर नम्रता जैन ने कहा कि आपदा से बचाव के लिए जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के सहयोग से माकड्रिल किया गया।

**उमा–अखिल भारतीय परीक्षा**

भिलाई के औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र–आईटीआई की छात्रा उमा ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में देश में पहला स्थान हासिल किया है। देश के कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय ने चौबीस सितंबर को विभिन्न ट्रेड्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पैंतीस प्रशिक्षणार्थियों की सूची जारी की है, जिसमें छत्तीसगढ़ की उमा ने स्थान बनाया है। इन छात्रों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी दो अक्टूबर को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित चौथे कौशल दीक्षांत समारोह में सम्मानित करेंगे।

**सेवा पर्व–01**

सेवा और सुशासन, अर्थात जनसेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित होकर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला – 'सेवा पर्व' में, हम आपके लिए ला रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचारों के माध्यम से भारत के रक्षा नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत कर रही है।

**नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले ग्यारह वर्षों के दौरान रक्षा क्षेत्र में नवाचार पर विशेष ध्यान दिया है। रक्षा उत्कृष्टता के लिए नवाचार, आईडीईएक्स पहल अप्रैल दो हजार अट्ठारह में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जो नवाचार को बढ़ावा दे। सशस्त्र बलों ने आईडीईएक्स समर्थित स्टार्टअप्स और एमएसएमई से चौबीस सौ करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की तैंतालीस वस्तुएं खरीदी हैं, जो रक्षा तैयारियों के लिए स्वदेशी नवाचार में बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।**

**पिछले कुछ वर्षों में हुए परिवर्तनों ने भारत में एक नवोन्मेषी संस्कृति का निर्माण किया है। आज एक ठोस पारिस्थितिकी तंत्र मौजूद है और भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।**

**बस्तर दशहरा**

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा के तहत कल शाम फूल रथ की पहली परिक्रमा संपन्न हुई। इस रस्म के तहत मां दंतेश्वरी के छत्र को बाजे–गाजे के साथ मावली माता मंदिर लाया गया। इसके बाद सीरासार भवन के पास फूलों से सुसज्जित विशालकाय दो मंजिला रथ में मां दंतेश्वरी के छत्र को रथ में आरूढ़ किया गया, जहां पुलिस बल द्वारा माईजी को हर्ष फायर कर सलामी दी गई। इसके बाद रथ की परिक्रमा कराते हुए मांईजी के छत्र को दंतेश्वरी मंदिर में रखा गया। बस्तर दशहरा में आज फूल रथ की दूसरी परिक्रमा होगी।

**मौसम**

प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका व्यक्त की गई है। भारी वर्षा मुख्य रूप से मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दाब का क्षेत्र बनने के कारण बस्तर संभाग में अति भारी बारिश होने की संभावना है। इस बीच, गरियाबंद जिले में पिछले दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के कारण सिकासेर बांध के चार गेट खोल दिए गए हैं। बांध से ढाई हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण पैरी नदी उफान पर है। जिला प्रशासन ने लोगों से नदी के आसपास नहीं जाने की अपील की है।

**संक्षिप्त समाचार–01**

– भारतीय जनता पार्टी ने आज से देशभर में आत्मनिर्भर भारत और हर घर स्वदेशी अभियान की शुरुआत की है। नई दिल्ली में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने घोषणा की कि यह अभियान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पच्चीस दिसंबर तक जारी रहेगा।

– रायपुर एयरपोर्ट से एयर कार्गो की सुविधा शुरू हो गई है। अब छत्तीसगढ़ के व्यापारी अपने उत्पादों को एयर कार्गो के जरिये देश के विभिन्न शहरों में भेज सकेंगे।

– एकात्म मानववाद और अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

– मुख्यमंत्री कल रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के राज्य स्तरीय स्थापना दिवस और सम्मान समारोह में शामिल हुए।

– लोक निर्माण विभाग ने सात मुख्य अभियंताओं के नये पदस्थापना आदेश जारी किए हैं।

– केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय जगदलपुर द्वारा बस्तर जिले के पोटानार गांव में आज राष्ट्रीय पोषण माह और "स्वस्थ नारी–स्वस्थ परिवार" विषय पर लोक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए।

**संक्षिप्त समाचार–02**

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत सरगुजा संभाग के आठ सौ पचास श्रद्धालु अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए हैं। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल और कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय–इग्नू द्वारा ओडीएल ऑनलाइन पाठ्यक्रम में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की तिथि बढ़ाकर तीस सितंबर कर दी गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>